

# अर्जेंटीना ने विश्वकप के फाइनल में बनाई जगह



**हाईलाइट**

- 2-1 - अर्जेंटीना की जीत
- 85′ - एंजो फर्नांडीज (गोल)
- 90+2′ - लौटारो मार्टिनेज (विजयी गोल)
- 1 असिस्ट - लियोनेल मेसी
- लगातार दूसरा विश्व कप फाइनल - अर्जेंटीना
- **फाइनल:** अर्जेंटीना बनाम स्पेन
- **प्लेऑफ:** इंग्लैंड बनाम फ्रांस

**अटलांटा, 16 जुलाई. मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप सेमीफाइनल में देर से वापसी करते हुए इंग्लैंड को 2-1 से हराकर रविवार को स्पेन के खिलाफ होने वाले खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली.**

मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में एंथनी गॉर्डन के 55वें मिनट में गोल करने के बाद इंग्लैंड फ़ाइनल में पहुंचता हुआ दिख रहा था, लेकिन अर्जेंटीना ने मैच के आखिरी पलों में बाजी पलट दी. एंजो फर्नांडीज ने खेल खत्म होने से पांच मिनट पहले बराबरी का गोल किया और फिर सब्स्टीट्यूट के तौर पर आए लौटारो मार्टिनेज ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में लियोनेल मेसी के क्रॉस पर हेडर से विजयी गोल दागा. दोनों टीमों ने पहला हाफ बेहद संभलकर खेला, इस दौरान दोनों टीमें बचाव करती दिखी और बहुत कम मौके बना पाईं. इंग्लैंड ने अनुशासित डिफेंस दिखाया, जबकि अर्जेंटीना ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को ज़्यादा परेशान नहीं कर पाए. पहला हाफ गोल रहित रहा. मैच में पहला गोल दूसरे हाफ के 10वें मिनट में हुआ, गॉर्डन ने करीब से गोल करके इंग्लैंड को अहम बढ़त दिलाई.

**मुख्य फिगर्स**

| | |
|---|---|
| **लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना)** | - विजयी गोल के लिए निर्णायक असिस्ट. |
| **लौटारो मार्टिनेज (अर्जेंटीना)** | - स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल. |
| **एंजो फर्नांडीज (अर्जेंटीना)** | - 85वें मिनट में बराबरी का गोल. |
| **एंथनी गॉर्डन (इंग्लैंड)** | - इंग्लैंड के लिए पहला गोल. |
| **जॉर्डन पिकफोर्ड (इंग्लैंड)** | - कई अहम बचाव किए. |
| **लियोनेल स्कालोनी** | - अर्जेंटीना के मुख्य कोच. |
| **थॉमस ट्यूशेल** | - इंग्लैंड के मुख्य कोच. |
| **लैमिन यमल (स्पेन)** | - फाइनल में मेसी के संभावित प्रतिद्वंद्वी. |

**मुख्य आंकड़े**

| | |
|---|---|
| **स्कोर** : | अर्जेंटीना 2-1 इंग्लैंड |
| **55वां मिनट** : | एंथनी गॉर्डन का गोल |
| **85वां मिनट** : | एंजो फर्नांडीज का बराबरी का गोल |
| **90+2 मिनट** : | लौटारो मार्टिनेज का विजयी गोल |
| **फाइनल** : | 20 जुलाई - अर्जेंटीना बनाम स्पेन |
| **तीसरे स्थान का मुकाबला** : | इंग्लैंड बनाम फ्रांस |
| **लगातार दूसरा विश्व कप फाइनल** : | अर्जेंटीना |
| **खिताब बचाने का मौका** : | 2022 के चैंपियन अर्जेंटीना के पास |

## पोस्ट मालोन और टॉम क्रूज समापन समारोह में होंगे मुख्य कलाकार





**न्यूयॉर्क.** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि विश्वकप 2026 के समापन समारोह में अभिनेता टॉम क्रूज से लेकर स्ट्रीमर आईशोस्पीड तक, कई तरह के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे. फीफा ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी रैपर-गायक पोस्ट मालोन समापन समारोह में मुख्य प्रस्तुति देंगे. यह समारोह रविवार के फाइनल से 90 मिनट पहले आयोजित किया जाएगा. फीफा ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तीन देशों के 16 मेजबान शहरों में 48 टीमों की अविस्मरणीय यात्रा का जश्न मनाना है. आईशोस्पीड - जिन्होंने कई मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग की है - को एक कलाकार के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जबकि क्रूज - जिन्हें स्टैंड में भी देखा गया है और जिन्होंने पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में एक स्टंट किया था - को 'विशेष उपस्थिति' देने वाले के रूप में बताया गया है.

## मेसी बनाम यमाल : दो पीढ़ियों की भिड़ंत




बार्सिलोना के एक चैरिटी फ़ोटोशूट के दौरान 20 साल के लियोनेल मेसी ने छह महीने के लामिन यमाल को गोद में लिया था. इसके लगभग दो दशक बाद, किस्मत उन्हें एक बार फिर साथ ले आई है. वह दिल को छू लेने वाली तस्वीर, जिसने कभी एक मासूम पल को कैद किया था, 19 जुलाई को एक नया मोड़ लेगी. इस दिन बार्सिलोना के दो शानदार खिलाड़ी - अलग-अलग पीढ़ियों के - पहली बार फीफा वर्ल्ड कप फ़ाइनल में आमने-सामने होंगे. यह फ़ाइनल वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपियन चैंपियन स्पेन के बीच खेला जाएगा. इस मौके पर फ़ुटबॉल में बेहतरीन प्रदर्शन की चाह रखने वाली दो पीढ़ियां आमने-सामने होंगी. एक तरफ मेसी हैं, जिन्होंने एक युग को परिभाषित किया, और दूसरी तरफ यमाल हैं, जिनके बारे में कई लोगों का मानना है कि वे अगले युग को आकार देंगे. यमाल के अपनी निडर ड्रिबलिंग और शानदार गोल से फ़ुटबॉल की दुनिया को चकित करने से बहुत पहले, मेसी के साथ उनका जुड़ाव तब शुरू हुआ था जब वे बार्सिलोना के पास स्थित शहर मटारो के छह महीने के बच्चे थे.

यमाल तेज़ी से खेल के सबसे होनहार युवा टैलेंट के तौर पर उभरे हैं. वह पेले के बाद फीफा वर्ल्ड कप में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने और पहले ही स्पेनिश फ़ुटबॉल के नए चेहरे के तौर पर अपनी पहचान बना चुके हैं. मेसी ने हाल ही में इस टीनएजर की तरक्की की तारीफ़ करते हुए यमाल के बारे में कहा, 'इसमें कोई शक नहीं, मेरे लिए वह सबसे अच्छा है. फ्रांस के खिलाफ स्पेन की वर्ल्ड कप सेमीफाइनल जीत के बाद यमाल ने भी उन मशहूर तस्वीरों के बारे में बात की. उन्होंने कहा, 'मैं थोड़ा बड़ा हो गया हूं और लियो भी. उम्मीद है कि मैं फाइनल में उनका सामना कर सकूंगा, खासकर इसलिए क्योंकि फाइनलिस्सिमा नहीं हो पाया था.



## गिल ने 31 रन की पारी खेलकर गंवाया विकेट

- सोफिया गार्डन्स में रोमांचक शुरुआत

**कार्डिफ, 16 जुलाई भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने अच्छी शुरुआत के बाद पहला विकेट गंवा दिया है. कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले जा रहे मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.**

भारत की ओर से पारी की शुरुआत करने उतरे कप्तान शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए तेज शुरुआत दी, लेकिन गिल 31 रन बनाकर आउट हो गए. अब भारतीय पारी को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी रोहित शर्मा और विराट कोहली के कंधों पर है. भारत ने मुकाबले में संभली हुई शुरुआत की. शुरुआती छह ओवरों में टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 42 रन बना लिए थे. शुभमन गिल शानदार लय में नजर आ रहे थे और उन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की. गिल ने 30 गेंदों में छह चौकों की मदद से 31 रन बनाए.

हालांकि, गस एटकिंसन की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में वह अपना विकेट गंवा बैठे. बेन डकेट ने उनका आसान कैच पकड़कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई. गिल के आउट होने से पहले भारत को कुछ राहत भी मिली थी. जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट गेंद पर रोहित शर्मा का कैच नहीं पकड़ सके.

## मॉरीशस बना आईसीसी का 111वां सदस्य देश

**एडिनबर्ग, 16 जुलाई अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एडिनबर्ग में हुई अपनी सालाना बैठक में मॉरीशस को 111वां सदस्य देश बनाने की मंजूरी दी.**

इसके अलावा आईसीसी ने क्रिकेट वेस्टइंडीज को 1.282 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कर्ज की स्वीकृति और निलंबित कनाडा क्रिकेट बोर्ड की बहाली के शर्तों को भी इस बैठक में तय किया. फ्रांस क्रिकेट को भी 'नोटिस पर' रखा गया है. बोर्ड ने पाया कि उन्होंने आईसीसी की सदस्यता से जुड़े मानदंडों का उल्लंघन किया है. हालांकि, फिलहाल उनके खिलाफ कोई अतिरिक्त कार्रवाई नहीं की गई है. इस दौरान बोर्ड ने यह भी कहा कि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने संशोधित संविधान की दिशा में प्रगति की है.




## हिमाचल प्रदेश की तरफ़ से घरेलू क्रिकेट खेलेंगे नेहाल वढेरा

**नयी दिल्ली.** पंजाब के बल्लेबाज़ नेहाल वढेरा 2026-27 घरेलू सीज़न में हिमाचल प्रदेश की ओर से खेलेंगे. पिछले सीज़न उत्तराखंड के लिए खेलने वाले प्रशांत चोपड़ा भी अपने गृह राज्य हिमाचल लौट आए हैं. पिछले सीज़न वढेरा को पंजाब की ओर से नियमित मौके नहीं मिले. उन्होंने सिर्फ़ तीन प्रथम श्रेणी मैच, दो लिस्ट ए मैच और चार टी 20 मैच खेले थे. हिमाचल में वह पंजाब से आने वाले तीसरे गेस्ट खिलाड़ी होंगे.

## भारतीय मुक्केबाजों ने दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते

**जकार्ता, 16 जुलाई भारत ने एशियन अंडर-19 और अंडर-23 बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में फ़ाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित पांच पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया. भारत ने अंडर-23 वर्ग में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता, जबकि अंडर-19 बॉक्सर्स ने जकार्ता में दो सिल्वर मेडल अपने नाम किए.**

अंडर-23 पुरुष फ़ाइनल में, भारत ने दो गोल्ड मेडल जीतकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया. विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) ने जापान के दाइची इवाई के खिलाफ़ कड़े मुकाबले में 3:2 से जीत हासिल कर गोल्ड मेडल जीता. गंगा (55 किग्रा) ने भी कजाकिस्तान के बेक्सुलतान बोरानबेक को 3:2 के स्प्लिट फ़ैसले से हराकर गोल्ड मेडल जीता. वंशज (65 किग्रा) ने फ़ाइनल में बहादुरी से लड़ाई लड़ी, लेकिन उज्बेकिस्तान के इल्खोमजोन एर्गाशेव से 4:1 से हारने के बाद उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा.



## शानदार वापसी करते हुए कुनलावुत विटिडसर्न क्वार्टरफाइनल में

**टोक्यो, 16 जुलाई.** थाईलैंड के पूर्व पुरुष एकल बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन कुनलावुत विटिडसर्न ने मई में लगी पीठ की मांसपेशियों की चोट से उबरते हुए गुरुवार को वर्ल्ड नंबर 2 खिलाड़ी जिया हेंग जेसन तेह को हराकर जापान ओपन के क्वार्टर-फाइनल में जगह बना ली. इस टूर्नामेंट में कई शीर्ष-रैंक वाले खिलाड़ियों को अलग-अलग वजहों से संघर्ष करना पड़ा है. विटिडसर्न ने दूसरे राउंड में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को 21-11, 21-16 से हराया.

## मुझे अपने सपने को पूरा करने का मौका

**नयी दिल्ली, 16 जुलाई जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेल 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रही कोल्हापुर की सोनम उत्तम मस्कर ने कहा कि मेरे पिता के त्याग ने मुझे अपने सपने पूरा करने का मौका दिया.**

23 वर्षीय 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज जापान जाने वाले भारतीय दल का हिस्सा होंगी. एशियाई खेलों में निशानेबाजी प्रतियोगिता 17 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आइची प्रीफेक्चुरल जनरल शूटिंग गैलरी में आयोजित होगी.



सोनम के अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने के सफर में आर्थिक चुनौतियों का दौर भी शामिल रहा है. जब उन्होंने शूटिंग को गंभीरता से लेना शुरू किया, तो प्रोफेशनल उपकरण खरीदने का खर्च एक बाधा बन गया, खासकर तब जब उनका परिवार कोविड-19 महामारी के बाद आर्थिक मुश्किलों से जूझ रहा था. तब उनके पिता, उत्तम मारुति मस्कर ने अपनी बेटी के सपनों को पूरा करने के लिए ज़रूरी उपकरण दिलाने के मकसद से एक प्रॉपर्टी बेच दी.सोनम ने याद करते हुए कहा, 'एक समय ऐसा था जब हम आर्थिक मुश्किलों का सामना कर रहे थे, खासकर लॉकडाउन के दौरान. जब यह साफ़ हो गया कि शूटिंग में आगे बढ़ने के लिए मुझे अपने खुद के उपकरणों की ज़रूरत है, तो मेरे पिता ने एक प्रॉपर्टी बेच दी ताकि हम उन्हें खरीद सकें.

## डरहम के लिए काउंटी क्रिकेट खेलेंगे स्टोक्स

**लंदन, 16 जुलाई. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बेन स्टोक्स मंगलवार को अपनी घरेलू काउंटी टीम डरहम के लिए मैदान में वापसी करेंगे. स्टोक्स 21 जुलाई से शुरू होने वाले घरेलू वनडे कप में डर्बीशायर के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे.**

वह डरहम के लिए खेलेंगे और फिटनेस ठीक रहने पर 50 ओवर के मेट्रो बैंक कप और काउंटी चैंपियनशिप सीजन के बाकी सभी मैचों के लिए वह उपलब्ध रहेंगे. उनकी शुरुआत अगले सप्ताह डर्बीशायर के खिलाफ होने वाले मैच से हो सकती है. स्टोक्स को लेकर डरहम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने कहा, 'वह अब एक संन्यास ले चुके टेस्ट सुपरस्टार हैं.



**बैडमिंटन** | चीन की हान यू को 35 मिनट में सीधे सेटों में हराया

## जापान ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं सिंधु

**टोक्यो, 16 जुलाई ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने गुरुवार को महिला एकल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की हान यू को हराकर जापान ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली.**

आज यहां टोक्यो मेट्रोपॉलिटन जिम्नेजियम में खेले गये मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में अभी 10वें नंबर पर मौजूद पीवी सिंधु ने चीन की दुनिया की नंबर 5 खिलाड़ी हान यू को मात्र 35 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई. यह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए स्थानीय पसंदीदा और पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोज़ोमी ओकुहारा का सामना करेंगी.



ओकुहारा तब आगे बढ़ीं जब दक्षिण कोरिया की टॉप सीड एन से-यंग अपने दूसरे राउंड के मैच से हट गईं.

पहले गेम में धीमी शुरुआत के बाद, पीवी सिंधु ने धीरे-धीरे अपनी लय हासिल की और रैलियों पर नियंत्रण बनाते हुए बढ़त हासिल की और पहला गेम जीत लिया. इसके बाद भारतीय शटलर ने दूसरे गेम में भी वही लय बनाए रखी, 8-0 की बढ़त बना ली और हान यू को वापसी का कोई खास मौका नहीं दिया. चीनी खिलाड़ी ने कुछ समय के लिए अंतर को कम किया, लेकिन सिंधु ने संयम बनाए रखा, मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत रखी और शानदार जीत दर्ज करते हुए अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 8-1 कर लिया.



## धोनी सीएसके के अगले कोच के लिए सबसे सही विकल्प

**नयी दिल्ली.** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने स्टीवन फ़्लेमिंग के चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 18 साल का साथ समाप्त होने को अदभुत बताया है, लेकिन साथ ही उन्होंने ये भी कहा है कि अब सही समय आ गया था कि सीएसके दूसरे रास्ते पर जाए. फ्रेंचाइजी ने घोषणा की थी कि वे अब आपसी सहमति से फ़्लेमिंग के साथ करार समाप्त कर रहे हैं जो उनके अन्य फ्रेंचाइज़ियों टेक्सस सुपर किंग्स और जोबर्ग सुपर किंग्स के भी कोच थे.

## स्टेफनी का शतक, वेस्टइंडीज जीता

**ब्रेडी, 16 जुलाई स्टेफनी टेलर की (105) रनों की शतकीय पारी के बाद करिश्मा रामहरक और एफी फ्लेचर (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 64 रनों से शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की 3-0 से अपने नाम कर ली. टॉस हराने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए स्टेफनी टेलर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली.**

उन्होंने अपना 10वां वनडे शतक (और पिछले दो मैचों में दूसरा शतक) लगाकर एक खास मुकाम हासिल किया, लेकिन उनके 105 रनों की पारी के अलावा वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई, शीर्ष सात बल्लेबाजो में से कोई भी 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका. आयरलैंड ने 31 अतिरिक्त रन दिए, जिसमें चौंकाने वाली बात यह थी कि 27 वाइड गेंदें थीं. लेकिन आखिरी गेंद पर टेलर के रन आउट होने से आयरलैंड ने 2003 के बाद पहली बार किसी महिला वनडे मैच में वेस्टइंडीज के सभी दस विकेट झटके.

